तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार, 11 दिसंबर 2024

10 प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क ...



10 धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानियों पर कांग्रेस...





## खबर संक्षेप

### इको क्लब के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मुरमा बस्तर के बच्चों ने रायपुर स्थित जंगल सफारी नंदनवन संस्कृत एवं ऐतिहासिक धरोहर स्थल मुक्तांगन एवं कलिंगा यूनिवर्सिटी 3.0 वर्किंग विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का शैक्षणिक भ्रमण किया। समग्र शिक्षा कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल तथा समग्र शिक्षा कार्यालय जिला शिक्षा बस्तर के मार्गदर्शन में बच्चों को भ्रमण कराया गया। विद्यालय के बच्चों ने जंगल सफारी में चल रहे प्रकृति दर्शन कार्यक्रम शामिल होकर प्रकृति संरक्षण एवं जैवविविधता को जाना। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना, पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। नंदनवन जंगल सफारी में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को न केवल प्रकृति और जैव विविधता के अद्भुत पहलुओं को समझने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व और उससे संबंधित चुनौतियों को भी समझने का मौका मिलता है। इको क्लब प्रभारी मनीष कुमार अहीर एवं सहयोगी पुनीत राम फरदिया, अध्यक्ष संध्या निषाद ने सहभागिता निभाई।

### 9 व 12 वीं के विद्यार्थियों ने जाना जंगली पशुओं के पग चिन्ह



**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा ग्राम मावलीपदर हायर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को इको क्लॉस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नवमीं से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। क्लॉस में सहायक वन संरक्षक कमल नारायण तिवारी, परिक्षेत्र अधिकारी विंसेंट जैकप एवं मैना शोधार्थी युगल जोशी द्वारा विद्यार्थियों को जंगली पशुओं के पग चिन्ह (पग मार्क) से पहचान करना, उनके रहवास, जीवन चक्र विवरण, पारिस्थितिक तंत्र में उनका महत्व और योगदान के विषय में बताया गया। साथ ही पक्षियों से इनके संबंध के विषय में भी चर्चा किया गया संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयास और इस प्रयास में विद्यार्थियों द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया। उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के जंगली पशुओं के पग चिन्ह जाना जरूरी है।

### आपसी कटुता समाप्त करें होंगे मधुर संबंध : डीजे



**जगदलपुर।** ग्रामीण अंचलों में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा विधिक जन जागरूकता शिविर के माध्यम से वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, इसके संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। जिला विधिक प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन पर 8 दिसंबर को ग्राम करंजी एवं कोरेगा में विधिक जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जन जागरूकता विधिक शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर द्वारा आगामी 14 दिसंबर को बस्तर जिला के जिला न्यायालय सहित न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत ▶▶शेष पेज 10 पर

# भाजपा में संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेज, कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गयी है। मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में जगदलपुर मण्डल अध्यक्ष के लिये रायशुमारी और चर्चा करने कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें जगदलपुर शहर में पूर्वी मण्डल व पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष के लिये कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों ने चर्चा की। बैठक में कहा गया कि मण्डल अध्यक्ष निर्वाचन के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष का दायित्व संभालने अपनी इच्छा जाहिर कर सकते हैं। सभी कार्यकर्ता आपस में समग्र बातचीत करके सर्व सहमति से नाम आगे बढ़ाएं।

## सभी की सहभागिता को किया जाए सुनिश्चित



### जगदलपुर नगर मण्डल दो भाग में बंटा

भारतीय जनता पार्टी में संगठन के तहत जगदलपुर शहरी क्षेत्र में अब दो मण्डल होंगे। पूर्ववर्ती जगदलपुर नगर मण्डल को बूथों की संख्या के आधार पर दो भाग में बांट कर नये दो मण्डल का रूप दिया गया है। जो पूर्वी जगदलपुर मण्डल और पश्चिमी जगदलपुर मण्डल कहलायेंगे। पूर्वी जगदलपुर मण्डल में निगम क्षेत्र के 25 वार्ड व 50 बूथ एवं पश्चिमी जगदलपुर मण्डल में 23 वार्ड व 51 बूथ शामिल किये गये हैं।

बैठक में कई कार्यकर्ताओं ने शहरी क्षेत्र के पूर्वी व पश्चिमी मण्डल का अध्यक्ष बनने मंशा जाहिर की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कहा कि संगठन का महापर्व मनाया जा रहा है। संगठन के चुनाव में सभी कार्यकर्ता अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवनारायण पाण्डेय ने कहा कि संगठन चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। मण्डल अध्यक्ष के लिये निर्धारित मापदण्ड अनुरूप चयन होगा। बैठक के उपरांत व्यक्तिगत रूप से कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी राय बताने के लिये पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप को अधिकृत किया गया था, जिनसे देर शाम तक दर्जनों कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष बनने की ईच्छा के साथ बैदूराम ▶▶शेष पेज 10 पर

## वारदात: नक्सलियों ने बंद के दौरान घटना को दिया अंजाम

# तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों ने कार को किया आग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

24 वीं वर्षगांठ मना रहे नक्सलियों ने सोमवार को तेलगांना व छग के बीजापुर की सीमा से गुजर रही कार को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद चिंतुर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

- मौके पर पहुंची चिंतुर पुलिस, चालक का नहीं लगा पता

गौरतलब है कि नक्सलियों ने 2 से 8 दिसबंर तक पीएलजीए की 24 वीं वर्षगांठ मनाने का एलान किया था वहीं 9 दिसम्बर को बंद का आव्हान किया था। बंद के दौरान नक्सलियों ने बीजापुर और तेलंगाना सीमा में आगजनी की घटना को अंजाम देते हुए मार्ग से गुजर रही एक कार को आग के हवाले कर दिया। आगजनी की सूचना मिलते ही चिंतुर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन घटनास्थल में कोई भी नहीं मिला और वाहन का चालक भी पता नहीं लग सका।





जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पूर्व बीजापुर और तेलंगाना सीमा से सटे इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हुआ था जिसमें सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को मार गिराया था। इसी घटना के विरोध में नक्सलियों ने 9 दिसंबर को बंद का आव्हान किया था। आमतौर पर बंद के दौरान वाहनों की आवाजाही बंद रहती है। लेकिन बंद के दौरान नक्सलियों ने इलाके से गुजर रहे कार को रोककर उसे आग के हवाले कर दिया।

### सवार व अन्य का सुराग नहीं लगा

*घटना की जानकारी लगते ही चितुर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन घटनास्थल के आसपास वाहन में सवार चालक व अन्य लोगों का कोई सुराग नहीं लग सका चिंतुर पुलिस मामले की जांच कर वाहन में सवार लोगों की पतासाजी कर रही है।*

# धान खरीदी में किसानों की परेशानी को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर व बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व व पूर्व विधायक रेखचंद जैन के सान्निध्य में बस्तर जिले के नानगुर और दरभा में धरना प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक प्रभारी कविता साहू निकेत राज झा व प्रभारी सैम्युल नाथ की उपस्थिति में प्रदेश के किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी। सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध व किसानों के हित में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

- राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है। जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता। किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान का सामना करना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। धान खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। जगह का अभाव हो गया है।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा साय सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते में रकम हफ्तो तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाये। टोकन व्यवस्था को तत्काल ठीक किया जाये। साथ ही धान खरीदी की तारीख 15 दिन बढ़ायी जाये, ताकि क्षेत्र के सभी किसान भाई पूरी सुगमता से धान बेच पायें।

### ये रहे मौजूद

*इस दौरान नानगुर ब्लॉक अध्यक्ष नीलू राम बघेल, जनपद अध्यक्ष अनिता पोयाम, शामू कश्यप, हरिहर सेठिया, फूलसिंह बघेल, धनसिंह नाग, हीरालाल ध्रुव, शंकर नाग, सरपंच हरीबन्धु नाग, लोकेश सेठिया, दरभा ब्लॉक अध्यक्ष मानसिंह बघेल समेत अन्य मौजूद रहे।*

# विधायक सिंहदेव की पहल पर ली यूनिवर्सिटी ने फीस वृद्धि वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की पहल पर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में पारित शुल्क संरचना में सुधार कर परीक्षा शुल्क को कम करने मंगलवार को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में परीक्षा शुल्क को कम किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के कई पाठ्यक्रमों में परीक्षा शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस लिया गया। वहीं जिन पाठ्यक्रमों में 300 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, उन पाठ्यक्रमों में 200 रुपए परीक्षा शुल्क कम कर दिया गया है। विधायक ने महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में परीक्षा फीस बढ़ाये जाने पर कुलपति को पत्र लिखकर छात्र हित में परीक्षा शुल्क को कमी करने की मांग रखी थी। देव ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की शुल्क संरचना में सत्र 2024-2025 से संशोधन किए गए इस क्रम में बस्तर संभाग में संचालित स्नातक एवं स्नाकोत्तर आदि पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के मेरे समक्ष मांग रखी गई थी। बस्तर संभाग में हमारे युवा पीढ़ी को विश्वविद्यालय की पढ़ाई में कोई असुविधा उत्पन्न ना हो। हमारे कई छात्रों के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने कारण ▶▶शेष पेज 10 पर

# प्लसमेंट कर्मचारियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

प्लेसमेंट एजेंसी कॉलमी सर्विसेस रायपुर के माध्यम से गृह निर्माण मण्डल संभाग, प्रक्षेत्र-जगदलपुर में कार्यरत है। गत 6 वर्षों यानि वर्ष 2018 से कर्मियों के वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जिससे आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन वृद्धि किए जाने पर कई बार आवेदन एवं मौखिक रूप से निवेदन किया गया, पर आज तक वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई है। इसके चलते कार्यरत प्लसमेंट कर्मचारी विवश होकर मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

- कर्मियों के वेतन वृद्धि करने की मांग पर दिया ज्ञापन

कर्मचारियों ने बताया हड़ताल कर कार्यपालन अभियंता एवं संपदा अधिकारी को ज्ञापन दिया। कर्मचारियों ने ज्ञापन में बताया कि राज्य शासन की सेवाओं के विभिन्न ▶▶शेष पेज 10 पर

# दो सड़क हादसे में घायल महिला और बच्चे की हुई मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

परपा व बीजापुर थाना क्षेत्र में हुए दो सड़क हादसे में एक बच्चे व महिला की मौत उपचार के दौरान डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में हो गई। वहीं हादसे में घायल तीन घायल महिलाओं का उपचार जारी है।

- बीजापुर व परपा थाना क्षेत्र का मामला, तेज रफ्तार वाहनों में हुई थी टक्कर
- एर्राकोट के करीब पिकअप व कमाण्डर के बीच टक्कर में तीन घायलों का उपचार जारी

पहली घटना में बीजापुर शातिंनगर निवासी राजू एमला पिता पायकू 14 वर्ष की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह अपने दोस्त रोहित के साथ स्कूटी में सवार होकर चाय पीने के लिए निकला था। इसी दौरान दोनों जैसे ही नए बस स्टेण्ड के करीब पहुंचे तभी सामने से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल राजू को 108 की मदद से जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कौंलेज रेफर किया गया था। उपचार के दौरान सोमवार शाम को उसकी मौत हो गई। एक अन्य घटना परपा थाना क्षेत्र के भेजरीपदर व एर्राकोट के बीच हुई। सोमवार सुबह तोकापाल साप्ताहिक बाजार जाने के लिए कमाण्डर वाहन में सवार होकर ग्रामीण महिलाएं जा रही थी तभी उसकी टक्कर तेज रफ्तार पिकअप से हो गई।

इस हादसे में एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक इरिकपाल के ग्रामीण सोमवार 10 बजे के लगभग तोकापाल साप्ताहिक बाजार के लिए निकले थे तभी एराकोंट पंचायत के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने कमांडर को टक्कर मार दी। हादसे में कमाण्डर वाहन में सवार गीता, चंपा, रूडी, चिमलो आदि घायल हो गए। परपा पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए मेकाज रवाना किया वहीं पिकअप वाहन जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। उपचार के दौरान रूडी कवासी पति फगनू 55 वर्ष की मौत की खबर है।

## योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर डालें

# प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगतिरत कार्य को करें जल्द पूरा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने नियद नेल्लानार सर्वे रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए नियद नेल्लानार के अन्तर्गत 36 योजनाओं के लाभान्वित या हितग्राहियों की जानकारी पोर्टल पर एन्ट्री करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने सर्वे कार्यों की जिला स्तर के अधिकारियों के दल द्वारा जांच करवाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगतिरत कार्य को जल्द पूर्ण करवाने कहा और आवास योजना के आरआरसी के प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित गांवों में शिविर के माध्यम से करने के निर्देश दिए। आवास योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत की भौतिक प्रगति आवास के निर्माण में प्लिंथ, लिंटल स्तर पर पहुंचे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं, इस कार्य में आवास मित्रों के सहयोग से कार्य को गति दें।



कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस, स्वीकृत, पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य की समीक्षा किए। मनरेगा कार्य में सप्ताहवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी ब्लॉक में पांच-पांच हजार मजदूर निकालने के निर्देश का पालन करवाएं और रोजगार सहायकों से विशेष रूप से मस्टर रोल जारी करवाकर अधिक से अधिक मजदूरों का रोजगार दें। कलेक्टर ▶▶शेष पेज 10 पर

### मोतियाबिंद जांच व टीबी उपचार के संबंध में ली जानकारी

*बैठक में सिकलसेल रिपोर्ट, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार टीबी की जांच व उपचार की समीक्षा किए, साथ ही भवन विहीन उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण एजेंसीवार सहित कार्य की प्रगति की समीक्षा किए। इसके अलावा जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा किए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल की साप्ताहिक समीक्षा में लंबित प्रकरण को निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।*

हरिभूमि

पाठक सूचना

सुकमा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

ब्यूरोचीफ : जयदीप सिंह भदौरिया, सुकमा जिला

दीप न्यूज एजेंसी

पता : मो. अनवर पटनमपारा सुकमा

मो. 9149027841

## खबर संक्षेप

### शासकीय राशि का गबन शिक्षकों का आज धरना

**केशकाल।** विकासखंड की कई शालाओं से प्रधानाध्यापकों की जानकारी के बगैर पीएफएमएस की राशि निकालने के मामले को लेकर बुधवार को शिक्षक धरना प्रदर्शन करेंगे। फर्जी सील और हस्ताक्षर से दर्जनों स्कूलों की लाखों की राशि का फर्जीवाड़ा किया गया है। ऑनलाइन पीपीए जेनरेट करने का आईडी और पासवर्ड संस्था में और बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध होता है। संस्थाओं के प्रधान अध्यापकों की शिकायत के अनुसार उन्होंने पीपीए जारी नहीं किया है। विकासखंड के अमित मंडावी ने जानकारी देते हुए बताया कि निष्पक्षता से जांच कर दोषियो के विरूध्द उचित कार्रवाई को लेकर आज संगठन ने दोपहर 1 बजे से डिपो मैदान मे विशाल धरना का आयोजन किया है। धरने मे विकासखंड जिला स्तर संभागीय व प्रान्तीय अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक 12 को रवाना होंगे जिले के खिलाड़ी

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक 2024 का आयोजन 13 से 15 दिसम्बर 2024 के मध्य जगदलपुर जिला बस्तर में किया जा रहा है। जिला स्तरीय आयोजन के प्रथम विजेताओं को 12 दिसम्बर को बस से रवाना किया जाएगा। वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि सभी विजेता प्रतिभागी 12 दिसम्बर को खेलो इंडिया सेंटर, ऑडिटोरियम बडेकनेरा रोड स्थित कोण्डागांव में दोपहर 12 बजे अपनी उपस्थिति देंगे, जहाँ सभी प्रतिभागियों को खेल परिधान प्रदान किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 01 बजे दल को बस से जगदलपुर के लिए रवाना किया जाएगा। प्रतिभागियों को 12 से 15 दिसम्बर तक निरूशुल्क भोजन एवं आवासीय सुविधा प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागी मौसम अनुसार आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं अपने परिचय पत्र के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

# अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों और राजीनामा योग्य मामलों को सूचीबद्ध करने का लिया निर्णय

## अंडर ट्रायल समीक्षा समिति और नेशनल लोक अदालत पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

9 दिसंबर 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की मासिक बैठक 9 दिसंबर को आयोजित की गई।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप ने की। यह बैठक जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य न्यायिक हिरासत में बंद आरोपियों की समीक्षा करना था, ताकि उनकी जमानत पात्रता की स्थिति का मूल्यांकन किया जा सके।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में कलेक्टर कोण्डागांव कुणाल दुदावत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय उपस्थित रहीं।

इसके साथ ही 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसमें अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों और राजीनामा योग्य मामलों को सूचीबद्ध करने का निर्णय लिया गया। बैठक में न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और प्री–लीटिगेशन मामलों की नोटिस तामिली के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने पर भी विचार–विमर्श किया गया। इस बैठक से न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाने में मदद मिलेगी, साथ ही नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई जाएगी।

## अच्छी खबर: मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में संवर रहा युवाओं का भविष्य

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- परीक्षा की तैयारियों के लिए युवाओं को दिया गया किट

जिले के प्रभारी मंत्री और वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोण्डागांव जिले में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही परीक्षा की तैयारियों के लिए युवाओं को किट प्रदाय किया।

प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खनिज न्यास निधि की राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएमएफ की राशि से आज जिले के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य के युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनके भविष्य को संवारने का कार्य किया जा रहा है। किसानों से लेकर हर वर्ग के नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार के इसी प्रयासों से यहां के युवा निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाते हुए सफलता प्राप्त करेंगे और देश एवं राज्य के लिए अपना योगदान देंगे। राज्य के गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए मिल रहा है किसानों के कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कोचिंग प्राप्त कर रहे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिले में अध्ययनरत 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए भी जेईई एवं नीट परीक्षाओं के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरूप कोण्डागांव जिला शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। जिला मुख्यालय में युवाओं को कोचिंग की सुविधा मिलने से उन्हें दूसरे शहर जाने की आवश्यता नहीं पड़ेगी।



### जिला मुख्यालय में निःशुल्क कोचिंग सुविधा मिलने से युवाओं में उत्साह

जिला मुख्यालय में निःशुल्क कोचिंग की सुविधा से उत्साहित युवाओं ने कहा कि अब जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और जिले में ही रहकर अच्छे से तैयारी कर सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिले के अभ्यर्थियों से कोचिंग के लिए आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें कुल 1543 अभ्यर्थियों ने अलग–अलग परीक्षा हेतु आवेदन दिए थे। प्राप्त आवेदनों के आधार पर परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें मेरिट क्रम में 234 अभ्यर्थियों के प्राप्त अंकों के आधार पर यूपीएससी के लिए 19, सीजीपीएससी के लिए 94, व्यापमं के लिए 102, आरआरबी के लिए 05, एसआई के लिए 01, एसएससी के लिए 12 एवं बैंकिंग के लिए 01 एवं अभ्यर्थियों की रूचि के आधार पर कोचिंग दी जा रही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, दीपेश अरोरा, जिला पंचायत सदस्य बाल सिंह बघेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक आदि मौजूद रहे।

# जुगानी में बाइक - बोलेरो की हुई टक्कर, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- फिजिकल टेस्ट देने जा रहे हैं युवक, रायपुर रेफर

नेशनल हाईवे 30 जुगानी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को सुबह करीब 11. 30 बजे बाइक और बोलेरो वाहन की टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में पुलिस भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट देने कोंडागांव जा रहे बाइक में सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर अस्पताल पर किया गया है ।

जानकारी के अनुसार ग्राम चांदाबेलगांव निवासी सुरेश कुमार मरकाम पिता साधु राम उम्र 24 वर्ष और मोहलई निवासी किशोर मरकाम पिता चौधरी मरकाम उम्र 24 वर्षीय दोनो कोंडागांव में पुलिस भारती के लिए फिजिकल टेस्ट देने जा रहे थे। मंगलवार को सुबह करीब 11:30 बजे, जुगानी पेट्रोल पंप के पास बाइक को बचाने के चक्कर में सामने से आ रही बोलेरो वाहन के साथ इनके टक्कर हो गई। दोनों घायल हो गए , दोनो को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। दोनों के पैर में गंभीर चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु रायपुर रिफर किया गया है ।

# मानव अधिकार राष्ट्रीयता, लिंग, जातीय, स्वास्थ्य सहित समानता के साथ जीने का देता है अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजन
- शासकीय हाईस्कूल जामगांव केशकाल में दी गई विधिक जानकारियां

विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल जामगांव में छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय तालुका विधिक सेवा समिति ने बताया कि मानव अधिकार राष्ट्रीयता, लिंग, जातीय ,मूल, रंग, धर्म, भाषा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त करती है और समानता के साथ जीने का अधिकार देती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया भर में मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेशानुसार, अंजली पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/ अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल, सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के निर्देशानुसार कार्यक्रम हुआ। मनीषा तिवारी ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा करने के लिए एकजुट होना चाहिए। हमें अपने समाज में मानव अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। हमें उन लोगों की मदद करनी चाहिए जिन्हें मानव अधिकारों से वंचित किया गया है। अगर मानव अधिकार का हनन होता है तो इसकी शिकायत राष्ट्र मानव अधिकार , राज्य मानव अधिकार, महिला आयोग में की जा सकती है तथा शिकायत ऑनलाइन भी की जा सकती है। इस अवसर पर अधिकार मित्र चमेली यादव थाना धनोरा के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकार मित्र की भूमिका की जानकारी दिया गया। नालसा सालसा की जानकारी देते हुए नालसा की एक योजना नालसा, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 तथा अभिव्यक्ति एप, महिला हेल्प लाइन 1091, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 व बाल श्रम, बाल विवाह की जानकारी दी गई। अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव के द्वारा नेशनल लोक अदालत, नशीली पदार्थों के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नालसा हेल्प लाइन 15100, साइबर क्राइम के संबंध में तथा हेल्प लाइन 1930 और यातायात नियमों, मानव तस्करी की जानकारी दिया गया। छात्र – छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए । शिविर में अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध थाना ईरागांव, कु. चमेली यादव थाना धनोरा एवं,समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व थाना केशकाल का स्टॉफ उपस्थित रहा।




# सड़क दुर्घटनाओं और यातायात अपराधों को रोकने के लिए वाहन मलिकों को जागरूक करने लगाएं शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- अधिकार मित्रों की मासिक बैठक
- यातायात नियमों पर जागरुकता बढ़ाने पर दिया जोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण बैठक का आयोजन 9 दिसंबर को किया गया। बैठक उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कोण्डागांव और नारायणपुर के सभी थाना, लीगल एड क्लीनिक और प्रबंध कार्यालय में कार्यरत अधिकार मित्र और पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत लागू नियमों के प्रति जन जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं और यातायात अपराधों को रोकने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा, यातायात नियमों के पालन पर जागरुकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, कु. गायत्री साय ने सभी अधिकार मित्रों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन करें। उन्होंने नालसा और सालसा की योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने और आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रचार अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में प्रशिक्षण का संचालन चंद्र प्रकाश कश्यप और मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा किया गया। उन्होंने पैरालीगल वॉलिंटियर्स को उनकी जिम्मेदारियों और कार्यों के बारे में मार्गदर्शन दिया।



### इनकी रही भागीदारी

कार्यक्रम में कु. गायत्री साय, चंद्र प्रकाश कश्यप, मनीषा तिवारी और कोण्डागांव व नारायणपुर के सभी पैरालीगल वॉलिंटियर्स की सक्रिय भागीदारी रही।

## किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ठोस कदम उठाए

# धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानियों पर कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- समर्थन मूल्य 3217 प्रति क्विंटल देने की कांग्रेस नेताओं ने की मांग

माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय में मंगलवार को कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि धान खरीदी में किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने धान का समर्थन मूल्य 3217 प्रति क्विंटल देने की मांग की और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

धरनास्थल पर मौजूद नेताओं ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की कमी, जगह की किल्लत, टोकन व्यवस्था में गड़बड़ी और धान के रकबे में कटौती से किसान परेशान हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव से पहले प्रत्येक तीन पंचायतों में धान खरीदी केंद्र खोलने और 3100 प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य देने का वादा किया था, लेकिन ये वादे अब जुमले बनकर रह गए हैं।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, तब धान के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत दी जाती थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य में वृद्धि की है, ऐसे में राज्य सरकार को किसानों को 3217 प्रति क्विंटल का भुगतान करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।




### युवा कांग्रेस ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

युवा कांग्रेस ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए माकड़ी तहसील कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने धान खरीदी में हो रही समस्याओं, नशे के बढ़ते कारोबार, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता दिए जाने सहित पांच सूत्रीय मांगें उठाईं।

### धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने निभाई भागीदारी

धरना प्रदर्शन और घेराव में जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, प्रदेश कांग्रेस सचिव बिरस साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर मंडावी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोती बाई नेताम, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीतांबर नाग समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान और स्थानीय लोग शामिल हुए। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि किसानों की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए वे हरसंभव कदम उठाने को तैयार हैं।

## पेज 9 के शेष

### भाजपा में संगठन...

कश्यप से जिला कार्यालय में बंद कमरे में मिलते रहे। रायशुमारी बैठक का संचालन सुरेश गुप्ता ने किया। बैठक में सुधीर पाण्डेय, विद्याशरण तिवारी, कमल चंद्र भंजदेव,योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक सिंहदेव की...

बढ़े हुए परीक्षा शुल्क अदा करने में काफी कठिनाई होगी। आदिवासी बाहुल्य बस्तर की भौगोलिक सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए परीक्षा शुल्क कम करने संबंधी पत्र कुलपति बस्तर विश्वविद्यालय को सौंपा गया था। जिस पर आज विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में बढ़ाये गए परीक्षा शुल्क को कम किया गया।

### प्लसमेंट कर्मचारियों...

पदों पर एकमुश्त संविदा वेतन का निर्धारण किया गया गया है। उसके आधार पर वेतन प्रदान किया जाए। नवीन वेतन एक जूलाई 2023 से प्रभावशील हो गया है, जो एक जुलाई 2023 से प्रदान किया जाए। गत 6 वर्ष के दौरान समय-समय पर वेतन वृद्धि हुई है, जिसका लाभ नहीं मिला है। इसलिए उक्त अवधि का एरियर्स प्रदान किया जाए। साथ ही गत 6 वर्षों तक वेतन में कोई भी बढ़ोतरी नहीं हुआ है, इस दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्ष मंहगाई अनुरूप वेतन में वृद्धि किया जाए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना...

ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्ग नवीन पंजीयन के ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा किए और उद्यान, मत्स्यपालन विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को ऋण उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए। बैठक में जाति प्रमाण पत्र निर्माण की साप्ताहिक प्रगति, निवास प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों का थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन के लिए अलग-अलग विभागों के दायित्व की जानकारी पर चर्चा किए। आयुष्मान कार्ड की निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बीस जगहों पर तथा नगर निगम में वार्डवार शिविर आयोजित करने हेतु कार्ययोजना बनाकर लागू करने के निर्देश दिए।

### आपसी कटुता समाप्त...

का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। राजीनामा के आधार पर मामलों का निराकरण करने पर पक्षकारों के मध्य आपसी कटुता समाप्त होकर उनके बीच मधुर संबंध स्थापित हो जाते हैं। लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध अपील नहीं होने से प्रकरण का अंतिम निराकरण हो जाता है। साथ ही समय एवं धन के अपव्यय से छुटकारा मिल जाता है, के संबंध में जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं महिलाओं से संबंधित कानून जानकारी, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित जानकारी, श्रम अधिनियम तथा नशा उन्मूलन पर बल देते हुए बहूमूल्य विधिक जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराई गई।

**खबर संक्षेप**

## शिविर में स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**किलेपाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किलेपाल बास्तानार का आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम पंचायत बरछेपाल कोडेनार 3 में समापन हुआ। सात दिवसीय विशेष शिविर के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच रामचंद्र कश्यप, पटेल बामन राम पूर्व सरपंच गमसोन मंडावी थे। सात दिवसीय शिविर में स्वयं सेवकों के द्वारा ग्राम पंचायत के हेंडपंपों के आस पास साफ सफाई, सोख्ता गड्ढों का निर्माण, नालियों की सफाई, रोड किनारे झाड़ियों की सफाई, बाड़ी बनाने में सहयोग, खेत में मेड बनाने, धान कटाई में श्रमदान, जल संरक्षण के कार्य, नशा मुक्ति रैली, बीमारी के रोकथाम के संदेश, शिक्षा, पोषण, दीवार लेखन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि से स्कूली बच्चों ने ग्रामीणों को जागरुक किया। कार्यक्रम अधिकारी परमानंद सिंह ठाकुर थे।

## सरपंच ने आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्रियों का किया वितरण



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत हारम की सरपंच प्रमिला सुराना द्वारा ग्राम पंचायत हारम के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चो के बैठने हेतु ग्रीन मैट, बाल्टी, गिलास, गंज बर्तन व अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। सरपंच प्रमिला सुराना ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हमारे क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी सुविधाएं उपलब्ध रहे, जिससे छोटे-छोटे नन्हे बच्चों को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो और बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में अपने घर जैसा वातावरण महसूस हो सके।

## विकास कार्यों को नियत समय में करें पूर्णः कलेक्टर

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक आसानी से पहुँचाने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को हितग्राही मूलक कार्यों और शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नक्सल पुनर्वास योजना के तहत किए जा रहे योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ध्रुव ने सार्वजनिक मूलक सुविधाओं के सैचुरेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए पीएमश्री विद्यालयों और शाला जतन योजना के कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूलों और उसके आसपास के 200 मीटर के दायरे में अभियान चलाकर तंबाकू तथा उससे संबंधित सामग्रियों के प्रयोग को प्रतिबंधित करना है।

**निधन**

### कमलेश श्रीवास्तव



**जगदलपुर।** शहर के पंचपथ चौक भैरमदेव वार्ड निवासी कमलेश श्रीवास्तव (65) का बीती रात 11 बजे आकस्मिक निधन हो गया। निवास में भोजन के बाद अचानक तबियत बिगड़ने से महारानी अस्पताल ले जाया गया। वे कुछ समय से स्वास्थ्यगत कारणों से पीड़ित थे। मंगलवार की सुबह अंतिम यात्रा निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली, जहां परिजन, समाज के लोग एवं शहरवासी शामिल थे। वे कृषि विस्तार अधिकारी मनीष श्रीवास्तव एवं बैंककर्मी आशीष श्रीवास्तव के पिता, सागर नंद के ससूर तथा पत्रकार सुरेश रावल एवं प्रकाश रावल एवं नगर निगम कर्मी दिलीप रावल के जीजाजी थे। वे अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र, 1 पुत्री समेत नाती-पोते का भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### बजावंड में खुला पीएचसी, विधायक लखेश्वर ने किया उद्घाटन

# 20 हजार लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर विधानसभा के अंतर्गत बकावंड विकासखंड के ग्राम पंचायत बजावंड में मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्तित्व में आ गया है।

विधायक लखेश्वर बघेल ने केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन करते कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की

■ संस्थागत प्रसव के लिए हितग्राहियों को मुख्यालय व शहर जाना नहीं पड़ेगा



बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है जिससे चितालूर, नलपावंड, बजावंड, तारापुर समेत क्षेत्र के लगभग 18 से 20 हजार लोगों को फायदा मिलेगा। संस्थागत प्रसव के लिए हितग्राहियों को ब्लॉक मुख्यालय व शहर जाना नहीं पड़ेगा। विधायक ने कहा कि बजावंड को एक आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने का प्रयास रहा है। यहां लेम्पस, बैंक, धान खरीदी केंद्र सब कुछ है पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा यहां आदर्श देवगुड़ी निर्माण के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं और ग्रामीण भी लगभग 10 लाख रुपये का सहयोग कर रहे हैं। इसी तरह खेल मैदान उन्नयन कार्य के लिए भी राशि जारी की गई है। ग्रामीण विकास कार्यों में सहयोग करें और जरूरतमंदों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं तो यह पंचायत जल्द ही आदर्श बनेगा। बीएमओ हरीश मरकाम ने बताया कि नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने सेटअप के लिए रायपुर जानकारी भेज दी गई है। अभी फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था की गई है जिसमें डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट की व्यवस्था की गई है। जल्द ही सेटअप के अनुसार नियुक्ति की जाएगी।

सरपंच डोमू राम भारती ने बताया कि पीएचसी के लिए लगातार कोशिश कर रहे थे। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने गांव में पीएचसी खोलने की घोषणा की थी आज वह साकार हो गई है। वर्तमान में 30 साल से अधिक पुराने भवन में पीएचसी का संचालन किया जाएगा। नए भवन और स्थाई स्टाफ की नियुक्ति से यह अस्पताल स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिकोण से क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर इस दौरान मौजूद रहे जगमोहन बघेल, गोपाल कश्यप, नारायण बघेल, आयतु राम भारती, मोहन झाली, डोमूराम भारती, धनीराम पुजारी, बुदरू बघेल, भंवरलाल, मधु निषाद, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, मोना पाढ़ी, निर्मला कश्यप, नीलम कश्यप, राजेश कुमार, रामदास बघेल, हरदास बघेल, बृजलाल श्रीवास्तव, नारायण एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व कर्मचारीगण ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विधायक ने 24 करोड़ 69 लाख के स्टाप डेम का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहण्डीगुड़ा

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत करेकोट में 22 करोड़ 40 लाख व ग्राम पंचायत मिचनार में आज विधायक विनायक गोयल ने 2 करोड़ 29 लाख लागत का स्टाप डेम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन से ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास तेजी से बढ़ रहा है।

क्षेत्र में लगातार जल स्तर में कमी आ रही है। ग्रामवासियों की समस्याओं को सून छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्री केदार कश्यप के आदेश पर स्टाप डेम का स्वीकृति दी। क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को खेती में सिंचाई का लाभ मिलेगा।

लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के घाटी नीचे के 8 पंचायतों को पानी का सिंचाई समस्या का समाधान होगा। स्टाप डेम निर्माण भूमिपूजन से ग्रामीण ने खुशियां जाहिर की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, रैतु बघेल, बसंत कश्यप, लक्ष्मी निवास पांडे, चंद्रभान कश्यप, मंगतू कश्यप, तुलूराम कश्यप, भरत कश्यप, बलीराम बघेल, डोमू कश्यप, नारायण ठाकुर, धनीराम सेठिया, चंद्रशेखर ठाकुर, तरूण पानीग्राही, दुर्जन कश्यप, लच्छीन यादव, जगदानंद गजभिए, लखन ठाकुर, पदम पांडे, मथूरा यादव सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# पंचायतों में कचरा प्रबंधन करें नहीं तो होगी कार्रवाईः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



सोमवार को जिला कार्यालय के इंद्रावती सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पूर्ण आवासों की संख्या एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनांतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं आने के कारण विकासखंड समन्वयक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

जिन ग्राम पंचायतों में सेग्रीगेशन शेड का निर्माण पूर्ण हैं, उन ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन करने को कहा, नहीं होने की दशा में संबंधितों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। अप्रारंभ आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस गोदाम, पंचायत भवन सहित अन्य योजना में स्वीकृत निमाण कार्यों को शुरू करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा योजनान्तर्गत लक्ष्य अनुरूप मानव दिवस सृजन करने के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने को कहा। कृषि से संबंधित कार्यों में 60 प्रतिशत से अधिक व्यय, एरिया आफिसर मानिटिरिंग विजिट, समयबद्ध, मजदूरी भुगतान में प्रगति लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनांतर्गत समूह गठन में प्रगति लाने लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों, सेग्रीगेशन शेड और व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए ब्लाक समन्वयक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा




तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष गितेश कुमार कौशिक के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा-कक्ष में कार्यस्थल यौन उत्पीड़न, रोकथाम और निपटारा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में पुलिस विभाग के महिला कर्मचारी, अधिकारी सहित महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत महिलाएं एवं अन्य शासकीय कार्यालय में कार्यरत महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यशाला में गितेश कुमार कौशिक ने आपराधिक कानून के तहत घरेलू हिंसा से निपटने के संबंध में उपायों के साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 85 के संबंध में एवं यौन उत्पीड़न के संबध में जागरूकता व इस हेतु कानूनी प्रावधान के संबंध में सरल एवं विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि पति या पत्नी के रिश्तेदारों द्वारा शारीरिक या मानसिक रूप से कोई क्रूरता की जाती है अथवा महिला के जीवन अंग या स्वास्थ्य को गंभीर चोट या खतरा हो सकता है। दहेज की मांग को पूरा करने के लिए महिला को मजबूर करने के उद्देश्य से उसके उत्पीड़न भी शामिल है। घरेलू हिंसा की घटना सार्वजनिक क्षेत्र में काफी हद तक अदृश्य बनी हुई है, को संबोंधित करने के लिए सरकार ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित करने एवं उन्हें अन्य राहत प्रदान करने के लिए एक नागरिक उपाय के रूप में वर्ष 2005 को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 को अधिसूचित करते हुए यह अधिनियम 26 अक्टूबर 2006 से लागू हुआ है। संवैधानिक जन आदेश को कायम रखने के लिए राज्य में समान अधिकार सुनिश्चित करने सामाजिक भेदभाव और विभिन्न प्रकार की हिंसा और हत्याचारों का मुकाबला करने तथा विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं को सहायता सेवा प्रदान करने के उद्धेश्य से विभिन्न विधायी लागू किये हैं।

भारत की संविधान न केवल महिलाओं को समानता प्रदान करता है, बल्कि राज्य को महिलाओं को सामने आने वाले सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक नुकसान को बेअसर करने के लिए महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव के उपाय अपनाने का भी अधिकार देता है। कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न कानून के अनुसार महिलाएं यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकती है। इस कार्यशाला में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी परमेश्वर तिलकवार, अधिवक्ता कैलाश जैन एवं सूबेदार विकास कुमार उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

पेटूपे सोशल फाउंडेशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक जनपद पंचायत कार्यालय में बेटियों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटियों को सक्षम बनाओ अभियान के तहत आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य फाउंडेशन की कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक कार्यों की जानकारी क्षेत्रीय समुदाय तक पहुंचाना था।

संस्था के मुख्य उद्देश्य और लाभ पेटू पे सोशल फाउंडेशन ने बैठक में अपनी योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें शामिल हैं बेटी के जन्म पर आर्थिक सहायता, बेटी की शादी में सहयोग,गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए मदद, सड़क दुर्घटना पीड़ितों को सहायता, अंग भंग जैसी आपदाओं में 1100,2100,3100 रुपये से बढ़ते हुए क्रम में की आर्थिक सहायता और गिफ्ट प्रदान करना। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था पेटूपे सोशल फाऊंडेशन की एजुकेशन मीटिंग छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजन किया गया। जिसमें ब्रांच मैनेजर कैलाश जांगिड़ ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संस्था की सम्पूर्ण जानकारी दी और भविष्य में होने वाली योजनाओं को सबके सामने रखा गया।

दिनेश कुमार साहू पंचायत निरीक्षक और अमित खुजूर ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा बस्तर जिले के प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरुप दिया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं में एरिया कोडीनेटर होरीलाल, एक्टिव कार्यकर्ता टीकम सोम, चंद्रकुमार, अजय मौर्य और रविन्द्र उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान ममता कश्यप, नूपुर हल्धर, देवकी बघेल, दीपका नाग, सुबर्धन कश्यप, कामेश्वरि शादुल अन्य 45 सदस्य ने बैठक में शामिल हुए।

## वेको हूंगा बने छग सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने सुकमा जिले के वेको हूंगा को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज का प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा हैं। वेको हूंगा बहुत ही कम समय में अपने क्षेत्र में एक अलग पहचान बना कर कोया कुटमा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष के रूप में काम कर चुके हैं। इससे पहले वेको हूंगा सर्व आदिवासी समाज सुकमा, कोया कुटमा समाज जिला अध्यक्ष का दायित्व तीन बार निभा चुके है। सुकमा जिला अंतर्गत नागाररास के निवासी हैं। सामाजिक क्षेत्र में भी हूंगा बहुत सक्रिय रहते हुए समाज सेवा मे लगे रहते है। वर्तमान में आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद का जिम्मेदारी भी सम्भाल रहे है। नयी जिम्मेदारी मिलने पर वेको हूंगा को शीर्ष छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी और स्थानीय आदिवासी समाज के सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों ने फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई प्रेषित की। वेको हूंगा ने नवीन दायित्व मिलने पर प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व एवं सर्व आदिवासी समाज सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है पूरी निष्ठा से निर्वहन करूंगा और छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के उपाध्यक्ष के रूप से एक नयी ऊचाईयों तक ले जाने मे अपनी सहभागिता दूँगा।



# 448 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



संचालक आयुष एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर के निर्देश पर बस्तर ब्लॉक के अंतिम छोर ग्राम पंचायत रतेंगा में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दिवान, भाजपा मण्डल अध्यक्ष संतोष बघेल, सरपंच रतेंगा शांति बाई, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू एवं आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी के उपस्थिति में भगवान धन्वंतरि के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. एसआर पटनायक ने बताया कि शिविर में विभिन्न बीमारियों का जांच किया गया। शिविर 448 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां वितरण की गई। इस दौरान डॉ. विनोद सिंह, डॉ. महेन्द्र साहू, डॉ. जितेंद्र त्रिपाठी, डॉ. हेमंत यादव, डॉ. टीएस बढ़ाई, डॉ. चितरंजन पाढ़ी एवं समस्त स्टाफ आयुष विभाग के मौजूद थे।

## डीएवी ने नेशनल स्पोर्ट्स में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

परचेली कटेकल्याण ब्लाक- डी ए वी सीएमसी नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली व स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारत की ओर से दिल्ली के खेल गांव में आयोजित तीन दिवसीय अंडर 14 एवं अंडर 17 खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक और बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस आयोजन में 28 राज्यों के 819 विद्यालयों के 20000 छात्रों ने भाग लिया था। इस संबंध में खेल शिक्षक साकेत यादव ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ डीएवी की ओर से परचेली की टीम प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही थी। सर्वप्रथम बालक टीम पहले ओडिशा, गुजरात महाराष्ट्र, हरियाणा को हराया फिर फाइनल में उनका सामना झारखण्ड के साथ हुआ। इस मुकाबले में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचेली ने फाइनल में झारखंड को हराकर बालक टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया। इस अंडर 14 बालक टीम में जग्गू मीडियमी, रग्गू मंडावी, मोनू मरकाम, राकेश मरकाम, रितेश, रोशन मंडावी, राकेश मंडावी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

इसी कड़ी में शिक्षिका महक नाग के साथ अंडर 17 बालिका टीम ने नेशनल गेम्स में तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रकार बालिकाओं के टीम में संजना कवासी, कोमल नाग, जोगी पदम, साधना, रीता कश्यप, शीबा मौर्या ने भी सराहनीय खेल दिखाया। उपरोक्त दोनों विजेता टीम के कटेकल्याण आने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्राचार्य पी. वेणुगोपाल राव, आशीष भारद्वाज, गिरधर यादव, एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रामजी की प्रतिमा की स्थापना कल

**जगदलपुर।** सर्वेश्वरी समूह शाखा नियानार सुण्डीपारा के प्रागंण में अघोराचार्य महाराज कीनारामजी बाबा एवं परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान रामजी की प्रतिमा का स्थापना एवं अनावरण समारोह सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष पूज्यवाद औघड़ बाबा गुरूपद संभवरामजी के द्वारा 12 दिसम्बर को किया जाएगा।

### भागवत कथा 23 से

**जगदलपुर।** श्री राधा रमन भागवत समिति जगदलपुर के अध्यक्ष सरिता यादव ने बताया कि श्री कृष्ण भक्तजन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 23 से 30 दिसंबर तक किया जाएगा।

### महतारी योजना पदमा के लिए बना वरदान



**जगदलपुर।** विकासखण्ड तोकापाल अंतर्गत एरण्डवाल निवासी एकल महिला पदमा कच्छ ने महतारी योजना की सहायता को स्वयं के लिए वरदान मानकर सरकार को धन्यवाद देती हैं। पदमा राज्य सरकार की इस योजना की सहायता मिलने से भावुक होकर कहती हैं कि पति के गुजरने के बाद उसे अपने भरण-पोषण के लिए केवल विधवा पेंशन ही सहारा था लेकिन अब उक्त योजना की मदद उसे जीवन में एक नई आस जगा दी है। पदमा ने बताया कि उसे सरकार की ओर से निराश्रित लोगों के लिए प्रावधानित अंत्योदय राशन कार्ड से हर महीने 10 किलोग्राम निःशुल्क चावल भी मिल रहा है। जिससे जीवन-यापन में बहुत सहूलियत हो रही है। उसने कहा कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग घरेलू जरूरत को पूरा करने के साथ थोड़ी राशि बचत कर रही हैं ताकि आड़े वक्त में काम आ सके।

## 3100 प्रति क्विंटल और हर पंचायतों में धान खरीदी केंद्र खोलने के चुनावी वादे पूरा करे : विक्रम

# कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



जिले के भैरमगढ़, कुटरू, बीजापुर, गंगालूर, उसूर, मद्देड और भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालयों में मंगलवार को कांग्रेसियों ने किसानों के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है।

कांग्रेसियों ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया, जहां किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान परेशानियों से जूझ रहे है।

कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तो तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रु. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। भाजपा ने 3100 रू. एक मुश्त देने का वादा किया था। भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी वादे के अनुरूप हर पंचायतो में धान खरीदी केन्द्र खोले। कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम सौंपे अपने ज्ञापन में बारदाने की कमी से किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी, 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग करने 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचाने की मांग की गई है जिसके कारण धान खरीदी में बाधित हो रही है। ज्ञापन में पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा रहा, और किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करें बाद में उसका भुगतान किसानों को किया जाएगा लेकिन किसानो के बारदाने का एक पैसा भी नहीं मिल रहा।

टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक तराजू में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है।

कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में कहा है कि धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में देने का वादा किया था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रु. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रु. में धान खरीदी किया था। भाजपा सरकार बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीद रही है, सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा।

किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के बाद विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार अपने चुनावी वादे को पूरा करे। अपने चुनावी वादे के अनुरूप किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रू. और केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाये गए अतिरिक्त 117 रु. जोड़ते हुए कुल 3217 रुपये प्रति क्विंटल किसानों को दे और अपने चुनावी वादे के अनुसार किसानों से खरीदे गए धान की राशि का भुगतान करने के लिए हर पंचायतो में बैंक खोले और हर पंचायत में धान खरीदी केंद्र खोले।



### सरकार पर लगाया गड़बड़ी का आरोप

**गीदम।** किसानों को धान खरीदी में आ रही परेशानी को लेकर कांग्रेसियों ने कृषि उपज मंडी के सामने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने तौल में गड़बड़ी करने, प्रति एकड़ 21 क्विन्टल धान नहीं खरीदने, टोकन जारी करने में गड़बड़ी करने का आरोप सरकार पर लगाया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक स्तरीय यह धरना दिया। जिसमे प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव विमलचंद सुराना, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष,जवाहरलाल सुराना जी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलोचन सेठिया,नगर प्रभारी गीदम रविश सुराना, ,ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री रजत दहिया, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष हरिपाल यादव, नगर पंचायत पार्षद शोएब रिजवी ,सोहन यादव, मद्दा राम वेक, बृजबिहारी पटेल, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह बघेल, अशोक सुराना, मोहम्मद आदिल व किसान गण शामिल हुए।

### बास्तानार भेजे गए जनपद बकावण्ड सीईओ, नाग को बकावंड की जिम्मेदारी

**बकावंड।** कलेक्टर हरिस एस ने आरोपों से घिरे जनपद पंचायत बकावंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएस मंडावी को बास्तानार जनपद में भेज दिया है। उनकी जगह बास्तनार जनपद के सीईओ राजीव नाग को पदस्थ किया गया है।

■ कलेक्टर हरिस एस ने की प्रशासनिक सर्जरी

कलेक्टर ने छोटी प्रशासनिक सर्जरी की है, बकावंड में लंबे समय से पदस्थ रहे मंडावी को हटाया गया है। वहीं परियोजना कार्यालय में पदस्थ मंडल संयोजक सुरेश कुमार देवांगन को जनपद पंचायत तोकापाल का मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि बकावंड में अपने कार्यकाल के दौरान मंडावी लगातार विवादों से घिरे रहे। जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिवों से सीधे संपर्क में रखकर मनमर्जी करते रहे, जिसके कारण सचिव मनमानी कर रहे थे। सरपंचो को सिर्फ स्टॉम्प बनाकर रख दिया गया था। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में बिना कार्य कराए लाखों करोड़ों रुपयों के आहरण कर लिया गया है। ग्रामीण इन मामलों की प्रमाण सहित लगातार शिकायतें करते रहे, मगर सीईओ ने न तो किसी मामले की जांच कराई न ही किसी सचिव पर कार्रवाई की।

## क्रिसमस के उपलक्ष्य में गीत-संगीत की प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लालचर्च में क्रिसमस के उपलक्ष्य में गीत-संगीत की प्रतियोगिता रखी गई थी इसमें पूरे लालचर्च के विभिन्न समिति के लोगों ने भाग लिया। महिला समिति सन्डे स्कूल मेथोडिस्ट मेंन एम ई वाय एफ के जवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और क्रिसमस के मधुर गीतों को गया। इस मौके पर पूरी कलीसिया के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने भाग लेकर सुमधुर गीतों को गाया। निर्णायकों ने समूहगान में प्रथम अम्बेडकर वार्ड से सुहानी एवं ग्रुप को दिया। एकल गान मे प्रथम मीना खडसे को दिया गया। पुरुष वर्ग में प्रथम युश जान एंव साथी को दिया। मसीह समाज प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि विजेताओं को पुरस्कार बिशप डॉ एस सुना के द्वारा एवं पास्टर लॉरेंस दास ने दिया। निर्णायकों में विजेन्द्र डेनियल, विजय भुषणम, ब्रिजेश बडोदिया थे एंकरिंग ऐश्वर्या राव ने किया। यह कार्यक्रम लालचर्च सोशल कमेटी के अध्यक्ष मनीष पारकर एंव सदस्यो के अगुवाई में किया गया। विशेष सहयोग निखिल राज दास, रजनीद्र डेनियल, अजय टाइटस, राजेश राव, श्रीनिवास राव जोगा, सूर्या किशोर का रहा।

## मैथ्स मॉडल में लावण्या व प्रतीक्षा प्रथम रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर गणित दिवस आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम के संचालक फागु राम साहू ने बताया कि

■ संभाग स्तरीय मॉडल मैथ्स मॉडल व मैथ्स पोस्टर स्पर्धा 19 को

इसके हेतु महाविद्यालय में पूर्व में संचालित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें 3 दिसंबर को मैथ्स मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रथम स्थान लावण्या इक्का बीएससी अंतिम वर्ष एवं प्रतीक्षा पटनायक बीएससी अंतिम वर्ष क्राइस्ट कॉलेज जगदलपुर के ग्रुप को, द्वितीय स्थान मनीषा दीवान एवं लेंमवती बीएससी अंतिम वर्ष पीजी कॉलेज जगदलपुर को प्राप्त हुआ है। साथ ही 4 दिसंबर को मैथ्स पोस्टर एग्जिबिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान अनिशा सोनी, निशा सोयम, चंद्रशेखर पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर (ग्रुप) पीजी कॉलेज महाविद्यालय रहे, द्वितीय स्थान पर श्रुति विश्वकर्मा बीएससी अंतिम वर्ष पीजी कॉलेज महाविद्यालय रहे, तृतीय स्थान पर जैस्मिन एवं वैभव बीसीए अंतिम वर्ष (ग्रुप) पीजी कॉलेज महाविद्यालय रहे। पाचं दिसंबर को मेंटल मैथ्स टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान उमेश यादव क्राइस्ट कॉलेज एवं सहदेव पीजी कॉलेज जगदलपुर संयुक्त रूप से रहे। द्वितीय स्थान पर रोहित पांडे बीएससी अंतिम वर्ष क्राइस्ट कॉलेज और जय नारायण बीएससी द्वितीय वर्ष पीजी कॉलेज जगदलपुर संयुक्त रूप से रहे है। इसके अलावा 19 दिसंबर को महाविद्यालय में संभाग स्तरीय मॉडल मैथ्स मॉडल एवं मैथ्स पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा है। साथ ही 20 दिसंबर को मैं मेंटल मैथ्स क्वीज टेस्ट तथा 21 दिसंबर को फैकल्टी ट्रेनिंग कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस पर 22 दिसंबर को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## एक पौधा मां के नाम पत्रिका दृष्टिकोण का विमोचन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शिल्पी सांस्कृतिक संस्था द्वारा पत्रिका दृष्टिकोण अंक 9 एक पौधा मां (भारत माता) के नाम का विमोचन समारोह चेंबर ऑफ कॉमर्स में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री धर्मपाल सैनी विशिष्ट अतिथि चैंबर आफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष विमल बोथरा, विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष संस्था सुबीर नदी की उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों का बैच पहना के स्वागत किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक ढंग से दीप प्रज्वलन भारत माता एवं वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। विमल ने कहा शिल्पी संस्था के लंबे समय से चले आ रहे गतिविधियों से प्रभावित हुआ हूं एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का सहयोग होगा तो करूंगा। मंच संचालन रानू सील नाग ने किया आभार संस्था के सचिव संजीव सील ने किया। इस दौरान संस्था के सुधीर मंडल, हरि माधव दास, दिशांत चक्रवर्ती, जय गोपाल सरकार, शांतनु नाग, जतिनराय चौधरी, रानी चेरपा, सोमा मंडल उपस्थित थे।

## आरफा वेलफेयर फाउंडेशन ने किया ब्लड डोनर्स रजिस्ट्रेशन कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




आरफा वेलफेयर फाउंडेशन एवं शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के एमएसडब्ल्यू विभाग के तत्वावधान में मंगलवार ब्लड डोनर्स रजिस्ट्रेशन

■ छात्राओं सहित 177 विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण

कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को रक्तदान के महत्व से परिचित कराना और उन्हें पहली बार रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना था। जिस प्रकार 18 वर्ष की आयु में पहला वोट देने की खुशी होती है, उसी प्रकार पहली बार रक्तदान करके भी जीवन बचाने का उत्साह अनुभव किया जा सकता है। रक्तदान के माध्यम से एक व्यक्ति तीन लोगों की जिंदगी बचा सकता है। इस जागरूकता अभियान का संदेश रक्तदान करें और किसी की जिंदगी बचाएं रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अपना नाम, संपर्क नंबर और रक्त समूह दर्ज कराकर पंजीकरण कराना था। इस कैंप में 177 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिसमें छात्राओं की भागीदारी अधिक रही। इस अवसर पर आरफा वेलफेयर फाउंडेशन की निदेशक महफूजा हुसैन, तनिशा दास, और एमएसडब्ल्यू विभाग की प्रख्यात अतिथि व्याख्याताएं डॉ. तुलिका शर्मा, ऐलिस तिर्के एवं श्रद्धा डोंगरे शामिल रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियांका लाटकर, दीपिका बघेल, यामिनी, रत्ना, युक्ति, नवीना, कंचन बघेल, वैभव तथा विश्वविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय योगदान दिया। युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सीएमएचओ ने निश्चय निरामय अभियान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक के नेतृत्व में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी.मैत्री और नोडल अधिकारी राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम डॉ. वीरेंद्र ठाकुर की टीम द्वारा विगत दिवस लोहंडीगुड़ा ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए वर्तमान में चल रहे निश्चय निरामय छत्तीसगढ़ के 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान की समीक्षा की गई। इस कार्यक्रम के तहत मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग सहित वृद्धजनों में होने वाली बीमारियों की जांच स्वास्थ्य कर्मियों एवं मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर पहचान करने सहित उपचार किया जा रहा है। यह अभियान विगत 7 दिसंबर से 23 मार्च तक चलाया जाएगा। उक्त टीम द्वारा प्रथम चरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगनपुर की जांच की गई, साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टहकापाल और छापर भानपुरी का भी भ्रमण टीम द्वारा किया गया।




## नशा मुक्त होकर कुशल जीवन बिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम मनाया

■ दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम

गया। जिसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। धूम्रपान न केवल धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है बल्कि उसके आस पास के लोग जिसमें उसका परिवार दोस्त और सहकर्मी भी शामिल होते हैं। मुख्य वक्ता स्वास्थ्य विभाग से हनी गोटलिब, यूएस साहू, डॉ सुकृति तिवारी, अंजलि सिंह, मुखेश वासनिक, डीडी मानिकपुरी और डॉ प्रमीता शर्मा थे। तंबाकू नियंत्रण के नोडल अधिकारी डॉ गुलाब साहू ने छात्राओं से कहा कि महाविद्यालय के साथ साथ अपने परिवार एवं प्रियजनों को भी तंबाकू मुक्त जीवन जीने की दिशा में प्रेरणा देते रहना चाहिए ताकि हर व्यक्ति नशा मुक्त हो कर एक कुशल जीवन व्यतीत करे। मंच संचालन तहसीन सुल्ताना ने किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अनामिका झा, डॉ श्यामाचरण, डॉ अशीष देवांगन, डॉ सोनल कालरा, डॉ हेमलता मिंज, डॉ बिंदु साहू, पद्मिनी ठाकुर एवं समस्त कर्मचारी व छात्राएं मौजूद रहे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

## बीमा कंपनी देगी 7 लाख की क्षतिपूर्ति व मानसिक कष्ट पर 10 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को 7 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति और मानसिक कष्ट हेतु 10 हजार रूपए अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

■ उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चिपावंड तहसील कोडागांव निवासी आवेदक मूलचंद पटेल द्वारा एक सेकंड हैंड महिंद्रा मराजों वाहन क्रय की गई थी। वाहन विक्रेता द्वारा वाहन विक्रय करते समय, नाम ट्रांसफर हेतु बीमा आवश्यक होने का कथन कर, उक्त वाहन का बीमा पूर्व स्वामी के नाम से करवाया गया था। आवेदक का उक्त वाहन आगजनी की घटना में जलकर नष्ट हो गया था, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा बीमा कंपनी को आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रेषित की गई थी। बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटना दिनांक को वाहन का बीमा, आवेदक के पक्ष में न होने का आक्षेप लेते हुए क्षतिदावा निरस्त कर दिया गया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक, दुर्घटना के समय उसके नाम पर बीमा पॉलिसी स्थानांतरित नहीं होने पर भी पूर्व मालिक की बीमा पॉलिसी के तहत मुआवजे का हकदार है। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत बीमा पॉलिसी को वाहन के स्वामित्व के साथ अंतरित माना जाता है। प्रस्तुत प्रकरण में वाहन के स्वामित्व का अंतरण आवेदक के पक्ष में हो चुका था। जिसके चलते बीमा कंपनी को सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण का दोषी मानते हुए, आवेदक को शारीरिक, मानसिक क्षति हेतु 10 हजार रूपए अदा किए जाने का आदेश की पारित किया गया है।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511